वन अनुसंधान संस्थान की राजभाषा समिति की बैठक का आयोजन

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 23 अगस्त, 2021 को अपराह्न 2.30 बजे प्रमंडल कक्ष में संस्थान निदेशक श्री ए. एस. रावत, भा.व.से. की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में वन अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी गण एवं सभी प्रभागों के प्रमुख/प्रतिनिधि उपस्थित रहें। बैठक के प्रारंभ में सदस्य सचिव ने सभा को सूचित किया कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, देहरादून (कार्या . 01) द्वारा प्रकाशित "दूनवाणी" (अंक- 08) पत्रिका में प्रकाशित लेख "फूलधेई संग ऋतुराज वसंत" हेतु श्री दिनेश चन्द्र, कनिष्ठ अनुवादक को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। निदेशक महोदय ने अपने कर कमलों से पुरस्कार के रूप में प्राप्त प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना की। इसके उपरांत श्री शंकर शर्मा , सदस्य सचिव ने मदवार बैठक के विषयों पर चर्चा करते हुए संस्थान में हिंदी कार्यान्वयन में हो रही प्रगति पर पावर पॉइंट प्रस्तुति रखी।